ई–मेल

प्रेषक,

निदेशक,
स्थानीय निकाय,
सेक्टर–7, गोमती नगर विस्तार,
उ0प्र0, लखनऊ।

सेवा में,

1–नगर आयुक्त,
नगर निगम,
मथुरा / गाजियाबाद / मेरठ / गोरखपुर / मुरादाबाद / फिरोजाबाद।

2–महाप्रबन्धक,
जलकल विभाग, नगर निगम,
आगरा / प्रयागराज / कानपुर / लखनऊ / वाराणसी।

3–अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद,
मैनपुरी / बुलन्दशहर / लोनी(गाजियाबाद) / मुजफ्फरनगर /
रायबरेली / रामपुर / आजमगढ़ / बलिया / मिर्जापुर।

संख्याः–5 / 832 / 756 / CSO / सामान्य / 2019 लखनऊः दिनांकः 12 मार्च, 2019

विषयः– नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित 'अमृत योजना' (अटल मिशन फार रेज्यूवेनेशन एण्ड अर्बन ट्रान्सफारमेशन) तथा 'स्वच्छ भारत मिशन' (नगरीय) के कुछ कार्यक्रमों हेतु समबद्ध किये गये CSOs द्वारा किये गये कार्य के भौतिकी सत्यापन के उपरान्त भुगतान के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि नगर विकास विभाग, उ0प्र0 द्वारा शासनादेश संख्या–5425 / नौ–5–2018–449सा / 2017, दिनांक 12–01–2019 के माध्यम से CSOs के कार्य के सत्यापन के उपरान्त भुगतान के दिशा निर्देश दिये गए हैं।

2– इस संबंध में अवगत कराना है कि विभिन्न मिशनों के तहत संचालित इन कायक्रमों में से नमामि गंगे / AMRUT / राज्य स्वच्छ गंगा मिशन (State Mission for Clean Ganga-'SMCG') के अन्तर्गत गृह सीवर संयाजन (House Sewer Connection-' HSC') के लिए CSOs के द्वारा पिछले कई महीनो से IEC एवं सामुदायिक मोबिलाइजेशन के कार्य किये जा रहे है तथा उनके द्वारा किये गये कार्यों को संबंधित नागर निकायों के द्वारा सत्यापित भी किया गया है।

3– दिनांक 18–02–2019 को निदेशालय के सभागार मे आयोजित कार्यशाला में सभी सम्बन्धित 20 नागर निकायों के नोडल एवं लेखाकार्य सम्बन्धी अधिकारियों को इसकी प्रक्रियागत जानकारी एवं दिशा निर्देश दिये जा चुके है।

4– जैसा कि आपको बताया गया है, सभी नागर निकायों को सर्वप्रथम aasaan.website पोर्टल पर आवश्यक सूचनाओं के साथ पंजीकरण कराना आवश्यक होगा एंव उक्त हेतु पंजीकरण फॉर्म प्रिंट आउट भी आपको कार्यशाला में उपलब्ध कराया गया जा चुका है। अतः आपके नागर निकाय के पंजीकृत

ई–मेल id संलग्न की जा रही है जिसपर आपको aasaan.website से पहली इंट्रोडक्टरी (Introductory) ई–मेल प्राप्त होगी जिसमें aasaan.website पोर्टल के माध्यम से दी जाने वाली सेवाओं, सुविधाओं एवं डिजिटल समाधानों के बारे में विस्तृत जानकारी होगी।

5– अगले सप्ताह से आपके कार्यस्थल पर ही प्रशिक्षण की व्यवस्था की जायेगी। इसी बीच आपको aasaan.website पर होने वाले कार्य सम्बन्धी कोई भी जिज्ञासा हो तो आप उनके कस्टमर केयर फोन नम्बर पर बात कर जानकारी ले पाएंगे। आवश्यकता होने पर आप श्री संदीप मांझी, चीफ एग्जिक्यूटिव, स्टेट सपोर्ट यूनिट, से उनके दूरभाष नम्बर 9415012006 पर भी बात कर सकते हैं।

संलग्नक: उपरोक्तानुसार।

भवदीया,

(डा0 काजल)
निदेशक।

<u>संख्या व दिनांक तदैव।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, नगर विकास अनुभाग–6, लखनऊ।
2– श्री संदीप मांझी, चीफ एग्जिक्यूटिव, स्टेट सपोर्ट यूनिट, नगर विकास विभाग, उ0प्र0।
3– श्री आदित्य विद्यासागर, सलाहकार, परियोजना कियान्वयन(नमामि गंगे), राज्य गंगा नदी संरक्षण अभिकरण, लखनऊ, उ0प्र0।
4– कम्प्यूटर सेल, स्थानीय निकाय निदेशालय, को समस्त संबंधित को ई–मेल किये जाने हेतु।

(डा0 काजल)
निदेशक।